ई0मेल/स्पीड पोस्ट

प्रेषक,

निदेशक,
यू0पी0एम0वी0टी0,
704, जवाहर भवन, लखनऊ।

सेवा में,

1. सम्बन्धित जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, उ0प्र0।
2. प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या मदरसा मिनी आई0टी0आई0 से आच्छादित मदरसें, उ0प्र0।

पत्रांक 1386/मिनी0आई0टी0आई-परीक्षा-2019/2019-20 दिनांक 13 नवम्बर, 2019

विषयः मदरसा मिनी आई0टी0आई0 परीक्षा वर्ष-2019 के आयोजन के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश।

महोदय/महोदया,

उ0प्र0 मदरसा वोकेशनल ट्रेनिंग वर्ष-2019 की परीक्षा आयोजित किये जाने हेतु निम्नलिखित दिशा-निर्देश प्रेषित किये जा रहे है :-

1. मदरसा पोर्टल (https://madarsaboard.upsdc.gov.in) पर रजिस्टर्ड एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी स्तर से डिजिटलीय हस्ताक्षरित/अग्रसारित किये गये मदरसों के छात्र/छात्रायें ही मदरसा मिनी आई0टी0आई0 की वर्ष-2019 की परीक्षाओं में सम्मिलित हो सकेंगे।
2. वर्ष-2019 का परीक्षा फार्म का प्रारूप परीक्षार्थियों द्वारा मदरसा पोर्टल से डाउनलोड किया जायेगा एवं परीक्षा फार्म पूर्ण कर आवश्यक संलग्नकों सहित मदरसा में जमा किया जायेगा।
3. परीक्षा शुल्क रू0 200/- प्रति छात्र/छात्राओं की दर से निम्नलिखित लेखाशीर्षक में ट्रेजरी चालान के माध्यम से दिनांक 13.11.2019 से 30.11.2019 के मध्य जमा किया जायेगा तथा चालान की मूल प्रति सुरक्षित रखी जायेगी :-

   लेखाशीर्षक-

   0202-शिक्षा खेल-कूद कला एवं संस्कृति
   02-तकनीकी शिक्षा
   800-अन्य प्राप्तियॉ
   03-परीक्षा शुल्क

   परीक्षार्थियों से फार्म प्राप्त करने एवं निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरान्त मदरसों द्वारा दिनांक 13.11.2019 से आनलाईन फार्म भरे जायेंगे।
4. फार्म भरे जाने की अन्तिम तिथि 05.12.2019 निर्धारित की जाती है।
5. मदरसें के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या द्वारा मदरसे में प्रशिक्षणरत सभी छात्र/छात्राओं का परीक्षा फार्म दिनांक 07.12.2019 तक अग्रसारण किया जायेगा।
6. जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा दिनांक 09.12.2019 तक परीक्षा आवेदन फार्म Online मदरसा पोर्टल पर अग्रसारण किया जायेगा।
7. मदरसें के प्रधानाचार्य/प्रधनाचार्या द्वारा कक्षावार अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं के संकलित किये गये परीक्षा फार्म को परीक्षा शुल्क ट्रेजरी चालान के माध्यम से राजकीय हेड में जमा कर दिया गया है, को सुनिश्चित किये जाने के उपरान्त ही परीक्षा फार्म को आनलाईन मदरसा पोर्टल पर आवेदन किया जायेगा।
8. मदरसें के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या द्वारा मदरसें में प्रशिक्षणरत सभी छात्र/छात्राओं का परीक्षा फार्म पूर्णरूपेण आनलाईन भरने के पश्चात् परीक्षार्थियों द्वारा उपलब्ध करायी गयी हार्ड कॉपी से जन्मतिथि/नाम/पिता का नाम/माता का नाम, गत परीक्षा के परीक्षाफलों के पूर्णाकों व प्राप्ताकों का मिलान परीक्षार्थी के मूल अभिलेखों से करने के उपरान्त परीक्षा फार्म को लॉक कर अग्रसारित किया जायेगा।

क्रमशः पृष्ठ 02 पर

Scanned by CamScanner

9. मदरसें स्तर पर परीक्षार्थियों के परीक्षा फार्म ऑनलाईन किये जाने के उपरान्त यदि कोई त्रुटि है, तो परीक्षा फार्म को डिलीट/रिजेक्ट करते हुये नवीन फार्म 05.12.2019 तक आनलाईन किया जा सकेगा। यदि मदरसें स्तर पर परीक्षार्थी का आवेदन फार्म लॉक कर अग्रसारित कर दिया गया है, तो तत्काल जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के स्तर से परीक्षा फार्म डिलीट कराते हुये उक्त निर्धारित तिथि के अन्दर पुनः आवेदन कर लिया जाये।

10. मदरसें के मुख्य अनुदेशक/प्रधानाचार्य मिनी आई0टी0आई0 की मार्ग निर्देशिका के परिशिष्ट–3 में निर्धारित प्रति यूनिट छात्र संख्या न्यूनतम/अधिकतम परीक्षार्थियों की संख्या का अंकन कर लॉक करते हुये अग्रसारित किया जायेगा जो जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी की आई0डी0 पर प्रदर्शित होगा। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सत्यापित परीक्षार्थियों के स्तर तक परीक्षा फार्म का अग्रसारण करेंगे।

11. परीक्षा आवेदन पत्र के साथ मदरसा मिनी आई0टी0आई0 की मार्ग निर्देशिका के परिशिष्ट–3 में निर्धारित शैक्षिक योग्यता फौकानिया, मुंशी व मौलवी उत्तीर्ण परीक्षा के अतिरिक्त अन्य किसी अर्हता वाले अभ्यर्थियों के परीक्षा फार्म कदापि न अग्रसारित किये जाये।

12. जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, सुनिश्चित कर लेंगे कि परीक्षा आवेदन पत्र में किसी प्रकार की कोई त्रुटि नहीं है और मुख्य अनुदेशक/अनुदेशिका तथा परीक्षार्थी ने परीक्षा आवेदन पत्र पर निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर कर दिये हैं। तत्पश्चात ही परीक्षा आवेदन पत्र Online मदरसा पोर्टल पर अग्रसारित करेंगें।

13. किसी भी त्रुटि के लिये मदरसा मुख्य अनुदेशक/प्रधानाचार्य पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे।

सम्बन्धित जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि मदरसा पोर्टल पर परीक्षा आवेदन फार्म नियमानुसार एवं सही ढंग से भरे जाय, इसके लिये जनपद के परीक्षा सम्बन्धित मदरसा मिनी आई0टी0आई0 की बैठक बुलाकर उन्हें प्रशिक्षित कर दें एवं निर्गत दिशा–निर्देशों से भली–भॉति अवगत करा दे। विस्तृत जानकारी के लिये आनलाईन परीक्षा आवेदन फार्म भरने का Manual भी पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है, जिससे कोई संशय एवं त्रुटि की समस्या न रहे।

कृपया उपरोक्तानुसार समस्त मदरसा मिनी आई0टी0आई0 को सूचित करते हुए प्रकरण में समस्त आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,

13/11/19

( आर0पी0 सिंह )
निदेशक,

पत्रांक व दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रमुख सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग–3 उ0प्र0 शासन।
2. निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0, 620 इन्दिरा भवन, लखनऊ।
3. जिलाधिकारी, सम्बन्धित जनपद।
4. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, राज्य सूचना विज्ञान इकाई केन्द्र, तृतीत तल, योजना भवन, लखनऊ।
5. उपनिदेशक/मण्डलीय अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सम्बन्धित मण्डल, उ0प्र0।

( आर0पी0 सिंह )
निदेशक,

Scanned by CamScanner

# उत्तर प्रदेश मदरसा वोकेशनल ट्रेनिंग।

## परीक्षा वर्ष 2019 हेतु मदरसा मिनी0आई0टी0आई के लिये परीक्षार्थियों से ली जाने वाली सूचना का Offline प्रारुप।

मदरसे का नाम व पता ........................................................................................ जनपद ..........................................

1. सत्र– 2019 2. ट्रेड टाईपः–.............................................

3. ट्रेड ............................................................................................................. 4. वर्ष ..................................................

5. परीक्षार्थी का नाम.........................................................................................................................
**(अंग्रेजी भाषा के बड़े अक्षरों में)**

6. जन्मतिथि..................................................................................................................................

7. लिंग–(Male/Female/Transgender)..........................................................................................

8. पिता का नाम.............................................................................................................................
**(अंग्रेजी भाषा के बड़े अक्षरों में)**

9. माता का नाम.............................................................................................................................
**(अंग्रेजी भाषा के बड़े अक्षरों में)**

10. मोबाईल न0...............................................................................................................................

11. दाखिला एस0आर0नं0..................................................................................................................

12. पता ..........................................................................................................................................

13. **गत कक्षा का विवरण भरें :–**

13(a)- कक्षा का नाम ...................................... 13(b)-परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष ...................................

13(c)- अनुक्रमांक ...................................... 13 (d)-मदरसा/संस्था का नाम ...................................

**14 शुल्क विवरण :–**

14(a)–चालान संख्या............................... 14(b)–दिनांक................ 14(c)–धनराशि........................

14(d)–बैंक का नाम..........................................................................14(e)–शाखा.........................

परीक्षार्थी का स्थाई पता.........................................................................................................

पत्र व्यवहार का पता...............................................................................................................

| फोटो स्वप्रमाणित |
|---|

परीक्षार्थी द्वारा संलग्न किये जाने वाले अभिलेखों का विवरण :–

1..........................2..............................3..............................4...........................5............................6.................................

परीक्षार्थी के हस्ताक्षर
दिनांकः–

नोट :–

1. मदरसा प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या को परीक्षार्थी द्वारा उपलब्ध कराये गये विवरण एवं मूल अभिलेखों से अनिवार्य रुप से उसकी पुष्टि कर ली जाये तथा उसकी छायॉप्रति भी इस फार्म के साथ संलग्न कराकर जमा की जायें।
2. मदरसे एवं परीक्षार्थियों की सुविधा के लिये परीक्षा फार्म का प्रारूप मदरसा पोर्टल पर उपलब्ध रहेगा, इसके अतिरिक्त मदरसे द्वारा स्वयं का प्रारूप भी परीक्षा फार्म भरवाने में प्रयोग किया जा सकता है, बशर्ते उसमें Online परीक्षा फार्म भरने हेतु समस्त अनिवार्य/आवश्यक सूचनाओं का समावेश हो।

Scanned by CamScanner